मंगलवार 18 जुलाई 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज





फर्जी लाइसेंस के आधार पर हथियार की तस्करी करने वाला कुख्यात गिरफ्तार 2






## खबरें फटाफट

### खगड़िया में बेखौफ बदमाशों ने युवक की गोली मार हत्या

**खगड़िया।** खगड़िया जिले के पसराहा थाना इलाके में बेखौफ बदमाशों ने सोमवार की सुबह-सुबह घर पर धावा बोलकर एक युवक पर ताबड़तोड़ चार गोलियां बरसाई। जिससे 30 साल के राजीव कुमार उर्फ छोटू ड्राइवर की मौके पर मौत हो गई। आशंका है कि रंगदारी नहीं देने के विरोध में वारदात हुई है। घटना तब हुई जब राजीव कुमार अपने घर के दरवाजे पर सुबह दातुन कर रहा था। इसी दौरान एक बाइक सवार तीन बदमाश आए और गोली मार दी। बताया जाता है कि मृतक के पिता देव गुप्ता जब से अपने गांव की जमीन बेचे हैं तभी से गांव के कुछ लोग रंगदारी मांग रहे थे।

### पटना हाई कोर्ट ने बिहार सरकार पर लगाया जुर्माना

**पटना।** पटना हाई कोर्ट ने सोमवार को जवाबी हलफनामा दाखिल नहीं किये जाने पर 5 हजार रुपये का अर्थदंड बिहार सरकार पर लगाया। जस्टिस पीबी बजन्थरी व जस्टिस जितेंद्र कुमार की खंडपीठ ने नीरज कुमार झा की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए ये आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता की अधिवक्ता सुगंधा प्रसाद ने बताया कि कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को आदेश दिया था कि आगे कोई समय नहीं दिया जाएगा, इसके बावजूद जवाबी हलफनामा दाखिल नहीं किया गया। ये मामला 26 सितंबर, 2002 को तत्कालीन चीफ जस्टिस रवि एस धवन व जस्टिस आर एन प्रसाद की खंडपीठ द्वारा दिये गए आदेश से संबंधित है, जिसमें खंडपीठ ने यह स्पष्ट रूप से आदेश दिया गया था कि प्राथमिक स्तर पर नियुक्त शिक्षकों को मातृ भाषा में निर्देश देना होगा, जिसे छात्र बोलते हैं। गौरतलब है कि संविधान के 92वें संशोधन में मैथिली भाषा को आठवें अनुसूची में शामिल किया गया था।प्राथमिक स्तर पर छात्रों के अपनी मातृभाषा में शिक्षा देने व्यवस्था किया जाना था।साथ ही इस विषय को पढ़ाने के लिए शिक्षक नियुक्ति की जानी थी। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी।

## जनता दरबारः सीएम नीतीश कुमार ने 62 लोगों की सुनी फरियाद, दिए निर्देश

# सीएम के सामने रो पड़ा फरियादी, बोला- लाखों रुपए के बिजली बिल से जीना मुहाल

- बिजली बिल की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने कहा किसी आम आदमी का बिजली बिल इतना भारी भरकम कैसे आ सकता है?

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में बिजली बिलों को लेकर अनियमितता की शिकायत आए दिन आम लोग करते रहते हैं। ऐसी ही एक शिकायत लेकर सोमवार को सीएम के जनता दरबार में जब एक फरियादी पहुंचा तो वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने बैठते ही जोर जोर से रोने लगा। शिवहर जिले से आए फरियादी ने बताया कि कैसे उसके बिजली बिल में लाखों रुपए का बकाया दिखाया जा रहा है जिसके उनका जीना मुहाल हो गया है। अपनी बातों को रखते हुए फरियादी फफक फफक कर रोने लगा जिसे देखकर सीएम नीतीश भी हैरान रह गए। सीएम नीतीश ने तत्काल विद्युत विभाग से जुड़े अधिकारियों को फोन लगाया और हैरानी जताई कि आखिरी शिवहर के फरियादी के बिजली बिल में इतनी बड़ी गड़बड़ी कैसी हुई है। उसका

### सीएम ने अधिकारियों को फोन लगा जताई हैरानी



बिजली बिल 3 लाख 28 हजार 254 रुपए आया। फिर वही बिल आठ लाख रुपए से ज्यादा हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह क्या मतलब है? किसी आम आदमी का बिजली बिल इतना भारी भरकम कैसे आ सकता है।

एक फरियादी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिकायत की कि भागलपुर से कहलगांव के बीच करीब 32 किलोमीटर की दूरी तय करने में लोगों को 6 घंटे का समय लग जाता है। भागलपुर से कहलगांव के बीच एनएच 80 की स्थिति पूरी तरह से जर्जर है। फरियादी ने कहा कि ऐसा नहीं है कि सड़क की मरम्मत नहीं होती है। बल्कि हर साल इस सड़क का रिपेयर होता है लेकिन मात्र 3 से 4 दिनों में सड़क फिर से पुरानी स्थिति में जर्जर हो जाती है। सड़क बनने के बाद ही टूट जाती है। वहीं सीएम नीतीश ने फरियादी की बातों को सुनने के बाद तुरंत संबंधित विभाग को फोन लगाया और पूछा कि आखिर ऐसे कैसे हो रहा है कि सड़क बनते ही टूट जाती है।

### अधिकारी को मोबाइल में व्यस्त देख भड़के सीएम, लगाई क्लास

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब जनता दरबार में फरियाद सुन रहे थे तब नालंदा जिले से जुड़ा एक मामला आया। फरियादी का आवेदन पढ़ते हुए नीतीश कुमार ने पास में ही बैठे अधिकारियों की ओर से ऊंगली से इशारा किया। उन्होंने ऊंगली के इशारे से सचिव अनुपम कुमार को बुलाया। हालांकि नीतीश ने जब अनुपम कुमार को इशारों में बुलाया तो उन्होंने देखा कि अनुपम मोबाइल देख रहे हैं। अनुपम कुमार को मोबाइल पर व्यस्त देख सीएम नीतीश ने तुरंत रोष प्रकट किया। कहा, अरे आप खाली मोबइलवे देखते रहते हैं... यहां पर बैठते नहीं हैं... सिर्फ उसी पर इंगेज रहते हैं... जो काम करता है उसको देखते ही नहीं है... ई सब देखते रहता है और आप केवल फालतू चीज देखते रहते हैं। सीएम नीतीश की इस तल्ख टिप्पणी से अनुपम कुमार सहित वहां मौजूद तमाम अधिकारी हतप्रभ रह गए। उन्होंने फरियादी को लेकर अनुपम कुमार को कहा कि देखिये इस मामले को। आप नालंदा के प्रभारी हैं। यह जन वितरण प्रणाली में रिक्त पद से जुड़ा मामला है।

## पाकिस्तानी जासूस होने के आरोप में सीमा हिरासत में

- एटीएस की टीम व्हाट्सएप चैट और सबूतों के आधार पर सीमा से करेगी पूछताछ
- सीमा के चाचा पाकिस्तान आर्मी में सूबेदार, भाई सैनिक

**एजेंसी/नई दिल्ली**

देश में इस समय पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर और सचिन की प्रेम कहानी चर्चा का विषय बनी हुई है। इसी बीच सीमा हैदर पर पाकिस्तानी जासूस होने का भी आरोप लग रहा है। वहीं अब यूपी एटीएस की टीम ने पाकिस्तानी निवासी सीमा हैदर को हिरासत में ले लिया और गुप्त स्थान पर सीमा हैदर से एटीएस ने पूछताछ शुरू कर दी है। सीमा हैदर शुरू से ही एटीएस के राडार पर थी, वह नेपाल के रास्ते अपने प्रेमी सचिन से मिलने भारत आई। अब एटीएस की टीम व्हाट्सएप चैट और तमाम सबूतों के आधार पर आगे की पूछताछ करेगी।

इसके साथ ही सीमा के आईडी कार्ड हाई कमीशन भेजे गए हैं और पता चला है कि सीमा के चाचा पाकिस्तान आर्मी में सूबेदार और सीमा का भाई पाकिस्तानी सैनिक है। सीमा से अभी भारत की सुरक्षा एजेंसी पूछताछ करेंगी। प्रेम कहानी से लेकर भारत में आने तक के सभी पहलुओं पर पूछताछ हो रही है।

### पबजी खेल से संपर्क में आए सीमा-सचिन



सीमा और सचिन मीणा 2019 में पबजी खेलने के दौरान एक-दूसरे के संपर्क में आए और फिर इनकी प्रेम कहानी शुरू हुई। इसके बाद फिर 13 मई 2023 को सीमा हैदर नेपाल के रास्ते बस में सवार होकर भारत में आ गई। सीमा और सचिन ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा इलाके में रहते हैं, जहां सचिन किराने की दुकान चलाता है। पुलिस ने सीमा को बिना वीजा के नेपाल के जरिए अपने चार बच्चों के साथ अवैध तरीके से भारत में घुसने को लेकर चार जुलाई को गिरफ्तार किया था। वहीं सचिन को अवैध शरणार्थी को पनाह देने के आरोप में जेल भेजा था। बाद में दोनों को छोड़ दिया गया था।

## लोकसभा चुनावः दिल्ली में आज होगी एनडीए की बैठक तो बेंगलुरु में विपक्षी दलों का होगा महाजुटान

**एजेंसी/नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव-2024 को देखते हुए सभी मुख्य पार्टियां तैयारियों में जुटी हुई हैं। इस बीच मंगलवार को दिल्ली में जहां एनडीए की बैठक बुलाई गई है तो बेंगलुरु में विपक्षी दल भी बैठक कर लोकसभा चुनाव पर मंथन करेंगे।

एनडीए की मीटिंग को लेकर बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बताया कि बीजेपी के नेतृत्व में एनडीए की बैठक में 38 पार्टियां शामिल होंगी। वहीं विपक्ष की बैठक पर तंज कसते हुए नड्डा ने कहा कि हमारा गठबंधन सत्ता के लिए नहीं है, सेवा के लिए है। जहां तक यूपीए की बात है तो ये भानुमति का कुनबा है। इनके पास न नेता है, न नीति है और न ही फैसला लेने की ताकत है। ये घोटालेबाजों का टोला है। दिल्ली में होने वाली एनडीए की बैठक में कई मौजूदा और नए सहयोगी दल मौजूद रहेंगे। इस मीटिंग में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, एनसीपी का अजित पवार गुट, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा), हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर), राष्ट्रीय लोक जनता दल (रालोजद), अन्नाद्रमुक, पवन कल्याण की जन सेना समेत कई अन्य बड़े दल हिस्सा लेंगे।

### बेंगलुरु में बनेगी बीजेपी को रोकने की रणनीति

मंगलवार को बेंगलुरु में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में बीजेपी के खिलाफ पूरी रणनीति के साथ उतरने की तैयारी हो रही है। बैठक में आने वाले चुनावों में गठबंधन के लिए एक कॉमन मिनिमम प्रोग्राम बनाने की बात चल रही है, जिसके लिए एक कमेटी गठित की जाएगी। ये कमेटी गठबंधन के तमाम पहलुओं पर नजर रखेगी और आगे सीट शेयरिंग को लेकर भी मसौदा तैयार किया जाएगा। हर राज्य के हिसाब से अलग-अलग सीट शेयरिंग फॉमूर्ला निकाला जाएगा, सभी दलों की रजामंदी से इसे लागू करने की तैयारी है। सीट शेयरिंग के अलावा इस बैठक के दौरान एक और कमेटी बनाने पर भी विचार किया जा सकता है, ये कमेटी तमाम पार्टियों के एजेंडे, रैलियों और आंदोलनों की तैयारी में अहम योगदान देगी। इसके अलावा यूपीए का नाम भी बदलने की तैयारी है।

## केके पाठक के खिलाफ जारी जमानती वारंट को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**पटना।** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के खिलाफ पटना हाई कोर्ट द्वारा जारी जमानती वारंट को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। पटना हाईकोर्ट ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के खिलाफ कोर्ट में उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए जमानती वारंट जारी करने का आदेश दिया है। एक शिक्षिका सुकृति कुमारी को नियमित शिक्षक का वेतन नहीं दे कर नियोजित शिक्षक का वेतन दिया गया,जबकि कोर्ट ने उन्हें नियमित शिक्षक का वेतन देने का निर्देश दिया था । अपर मुख्य शिक्षा सचिव के के पाठक की ओर से अधिवक्ता नरेश दीक्षित ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने जून, 2023 में पदभार ग्रहण किया है। तब से वे अदालती अवमानना से सम्बन्धित मामलों पर कार्रवाई कर रहे हैं।




### डेडलाइन के बाद आईटीआर भरने के लिए देनी होगी पेनल्टी

# 31 जुलाई तक भर दें इनकम टैक्स रिटर्न, नहीं तो होगी परेशानी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

वित्त वर्ष 2022-23 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न भरने की आखिरी तारीख आने में अब बस कुछ दिनों का हीसमय बचा है। पिछले साल की तरह इस बार भी इनकम टैक्स रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 31 जुलाई है। अभी भी लाखों टैक्सपेयर्स ने अपना आईटीआर फाइल नहीं किया है। अगर आप भी इन लोगों में शामिल हैं, तो आपको बता दें कि डेडलाइन तक आईटीआर नहीं भरने का खामियाजा भारी हो सकता है। ऐसे मामलों में आपको जेल भी जाना पड़ सकता है।

इनकम टैक्स रिटर्न समय पर नहीं भरने के कई नुकसान हैं। एक तरफ आप कई प्रकार के फायदों से वंचित हो जाते हैं। दूसरी ओर सीधे-




सीधे नुकसान भी बहुत हैं। सबसे पहले तो आपको डेडलाइन के बाद आईटीआर भरने के लिए पेनल्टी देनी होगी, जो कुछ मामलों में काफी ज्यादा हो सकती है। वहीं कुछ परिस्थितियों में आपको कई सालों के लिए जेल भी भेजा जा सकता है।

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के पोर्टल के अनुसार, इस सीजन में अब तक करीब 3 करोड़ ITR फाइल किए गए हैं। पिछली बार यह आंकड़ा 5.50 करोड़ से ज्यादा रहा था। इसका मतलब हुआ कि अभी भी करीब 2.50 करोड़ से ज्यादा ऐसे लोग हैं, जो किसी वजह से ITR नहीं भर पाए हैं। ऐसे लोग 31 जुलाई की डेडलाइन बीतने के बाद भी रिटर्न फाइल कर सकते हैं, लेकिन कुछ नुकसान उठाने के बाद।

### दिसंबर तक भी भर सकते हैं

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट टैक्सपेयर्स को बिलेटेड रिटर्न यानी विलंबित रिटर्न की सुविधा देता है। बिलेटेड आईटीआर फाइल करने के लिए आपको कीमत चुकानी होती है। आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 139 (4) के तहत देय तिथि के बाद इनकम टैक्स रिटर्न भरना बिलेटेड रिटर्न कहलाता है। मौजूदा असेसमेंट ईयर खत्म होने या असेसमेंट ईयर पूरा होने से 3 महीने पहले तक बिलेटेड रिटर्न भरा जा सकता है। वित्त वर्ष 2022-23 यानी असेसमेंट ईयर 2023-243 के लिए 31 दिसंबर 2023 तक बिलेटेड रिटर्न दाखिल किया जा सकता है। यानी बिलेटेड आईटीआर फाइल करने के लिए टैक्सपेयर के पास डेडलाइन के बाद भी 5 महीने हैं।

कोई भी टैक्सपेयर, जिसने 31 जुलाई तक रिटर्न फाइल नहीं किया है, लेट फीस चुका कर बिलेटेड रिटर्न फाइल कर सकता है. 5 लाख रुपये से ज्यादा की आय पर लेट फीस 5,000 रुपये लगेगी। छोटे टैक्सपेयर, जिनकी आय 5

## खबरें फटाफट

### युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत

**आरा।** टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा पुलिस स्थित गुमटी के समीप सोमवार की सुबह संदेहास्पद स्थिति में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा गांव निवासी अजय नट का 22 वर्षीय पुत्र मनु नट एवं वह पेशे से मजदूर था। इधर, मृतक की पत्नी चांदनी देवी ने बताया कि रविवार की शाम करीब 7 बजे घर से निकले थे। पत्नी ने बताया कि बाहर जाने के बाद वह अपने दोस्तों के साथ खाने-पीने चले गए। जहां, पीने के दौरान उनके बीच झगड़ा हो गया। जिसके बाद उसके उक्त दोस्तों ने उसे मारकर उसे धरहरा पुलि स्थित गुमटी के पास सड़क किनारे फेंक दिया। सोमवार की सुबह मोहल्ले के ही एक युवक द्वारा उसके परिजनों को इसकी सूचना दी गई। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। लेकिन अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

### एंबुलेंस चालकों की हड़ताल जारी

**आरा।** जिले में एंबुलेंस ड्राइवरों के अनिश्चितकालीन हड़ताल का आज तीसरा दिन है। वेतन नहीं मिलने से नाराज 14 प्रखंड के 150 कर्मचारी जिनमें 75 ड्राइवर और 75 मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) कर्मचारी तीन दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं । तीन दिन बीत जाने के बाद भी कोई भी अधिकारी कर्मचारियों से मिलने के लिए नहीं पहुंचा। जिससे नाराज होकर आंदोलनकारी कर्मचारी भोजपुरी में कहावत ह्यसत्ता में आए है तो कुछ आराम कीजिए,जनता के पैसा खाकर जलपान कीजिएह्न के नारों के साथ बिहार सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। एंबुलेंस ड्राइवर सन्नी सिंह ने कहा की आज हम लोगों का हड़ताल का तीसरा दिन है, लेकिन कोई अधिकारी,पदाधिकारी ना ही सिविल सर्जन हम लोगों का सुध लेने के लिए आज तक नहीं पहुंचे।

## बोले एसपी... स्पीडी ट्रायल के तहत मुकदमा चला तस्कर को दिलायी जाएगी सजा

# फर्जी लाइसेंस के आधार पर हथियार की तस्करी करने वाला कुख्यात गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

- बिहिया और आरा रेल थानों के आर्म्स तस्करी में थी पूर्व फौजी की तलाश
- भोजपुर, अरवल व राजधानी के साथ आरा में भी आरोपित रहा है कुख्यात



भोजपुर पुलिस के हत्थे चढ़ा कुख्यात तस्कर जय पुकार राय उर्फ जेपी फर्जी लाइसेंस के आधार पर हथियार खरीद कर खरीद-बिक्री करता था। शाहपुर के बहोरनपुर गांव का रहने वाला जेपी कुख्यात तस्कर है। उसका कनेक्शन बिहार के अलावे पश्चिम बंगाल, यूपी और झारखंड सहित अन्य राज्यों के तस्करों से रहा है। बिहार एसटीएफ की मदद से भोजपुर पुलिस की टीम द्वारा उसे गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में उसने फर्जी लाइसेंस के आधार पर हथियार खरीदने और तस्करी करने की बात भी स्वीकार की है। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि जयपुकार राय उर्फ जेपी अंतरराज्यीय हथियार तस्कर है। उसके खिलाफ भोजपुर के शाहपुर, बिहिया, अरवल और पटना के बिहटा थाने के अलावे आरा के रेल थाने में दो मामले दर्ज हैं। बिहिया थाने में हथियार तस्करी को लेकर मार्च में दर्ज मामले में वह वांटेड चल रहा था। 20 मार्च को बिहिया चौरास्ता के पास हथियार और गोलियां की खेप के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया था। तब दोनों तस्करों द्वारा जेपी उर्फ जयपुकार राय द्वारा हथियार और गोली की सप्लाई करने की जानकारी दी गयी थी। उसके बाद से वह फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी को जगदीशपुर एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। एसटीएफ की मदद ली जा रही थी। रविवार सोमवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्पीडी ट्रायल के तहत मुकदमा चलाकर उसे सजा कठोरतम सजा दिलाने का प्रयास किया जायेगा। टीम में बिहिया थानाध्यक्ष उदयभानु सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### लाइसेंस की कॉपी हथियाने के बाद खरीदता था हथियार

एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि कुख्यात हथियार तस्कर जयपुकार राय उर्फ जेपी राय का बिहार के अलावे पश्चिम बंगाल, झारखंड और यूपी सहित अन्य राज्यों से कनेक्शन की बात सामने आयी है। वह विभिन्न जिलों और राज्यों के शस्त्र विभाग के कर्मचारियों से मिलीभगत कर दूसरों के नाम से जारी लाइसेंस की कॉपी उपाय कर लेता था। उसके बाद उस पर अपना या दूसरे का फोटो लगा उसे नया लाइसेंस तैयार करता था। उसके बाद फर्जी लाइसेंस के आधार पर हथियार की खरीद और तस्करी करता था। वह हथियार की खरीद अधिकतर पश्चिम बंगाल के कोलकाता और यूपी की आर्म्स डीलर से करता था। अबतक की अनुसंधान में यह बात सामने आयी है। जयपुकार राय उर्फ जेपी राय द्वारा भी पूछताछ में यह बात स्वीकार की गयी है। उसके अंतर्राज्यीय कनेक्शन की जांच की जा रही है।

## घर से निकले युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत, हत्या की आशंका

**केटी न्यूज/आरा**

- मारपीट व हत्या के शव के बाद फेंकने की आशंका जता रही पत्नी

जिले के नगर थाना क्षेत्र के धरहरा गुमटी के पास सोमवार की सुबह एक युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा गांव निवासी अजय नट का 22 वर्षीय पुत्र मनु नट था। उसकी पत्नी चांदनी देवी ने बताया कि रविवार की शाम करीब सात बजे घर से निकला था। उसके बाद वह दोस्तों के साथ खाने-पीने चला गया। वहां खाने-पीने के दौरान उनके बीच झगड़ा हो गया। उसके बाद दोस्तों द्वारा मारपीट करने के बाद उसे धरहरा गुमटी के पास सड़क किनारे फेंक दिया गया। सोमवार की सुबह सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद परिजन शव लेकर चले गए। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि युवक अपने पांच भाई और तीन बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां ज्ञानती देवी, पत्नी चांदनी देवी, पुत्र मनराज और पुत्री लक्ष्मी है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां ज्ञानती देवी और पत्नी चांदनी देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## फाइलेरिया विभाग गंभीर हाथीपांव मरीजों को सौंपेगा दिव्यांगता सर्टिफिकेट: डॉ. शैलेंद्र

**केटी न्यूज/बक्सर**



स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया के हाथीपांव के मरीजों को दिव्यांगता की श्रेणी में शामिल कर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने की कवायद की जा रही है। इसमें मुख्य रूप से मरीजों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिलाने की योजना को शामिल किया गया है। इस योजना के तहत फाइलेरिया नियंत्रण विभाग द्वारा हाथीपांव प्रभावित मरीजों को चिह्नित किया जा रहा है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि जिले मे 10 अगस्त से फाइलेरिया उन्मूलन के लिए अभियान चलाया जाना है। इसके उपरांत फाइलेरिया के हाथीपांव के मरीजों को खोजने का अभियान चल रहा है। ऐसे कई मरीज जो हाथीपांव के गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं, उनकी जांच कर उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किये जायेंगे। चालीस प्रतिशत से अधिक अपंगता मिलने पर हाथीपांव के मरीजों को यह दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है। दिव्यांगता का प्रतिशत फाइलेरिया की गंभीरता और शारीरिक क्रियाकलापों में असुविधा देख कर दिया जाता है।

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि हाथीपांव के मरीज जिन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है, वे इस प्रमाण पत्र की मदद से राज्य तथा केंद्र सरकार द्वारा दिव्यांगों को मिलने वाली योजनाओं का लाभ समान रूप से ले सकते हैं। इनमें रेलवे यात्रा के दौरान मिलने वाली छूट, विकलांगता पेंशन तथा अन्य प्रकार के लाभ शामिल हैं। राज्य आयुक्त निःशक्तता द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि हाथीपांव से ग्रसित मरीज को दिव्यांगता की श्रेणी में शामिल किया जाये। हाथीपांव की गंभीरता के आधार पर इसकी श्रेणी तय कर दिव्यांगता प्रमाणपत्र प्राप्त निर्गत करने में मरीजों की हर संभव मदद की जाए। फाइलेरिया विभाग आकर इसके बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## एक नजर

### जमीन विवाद में भतीजे ने चाची को मारी गोली



**आरा।** शहर से सटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़की से सनदियां गांव में सोमवार की शाम मारपीट करने के बाद एक महिला को गोली मार दी गयी। गोली महिला के बाएं हाथ में दो जगहों पर लगी है। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गयी है। उनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी महिला बड़की सनदियां गांव निवासी अनिल कुमार पांडेय की 45 वर्षीय पत्नी आरती पांडेय है। गोली मारने का आरोप उनके भतीजों पर लगाया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। जख्मी महिला के बेटे ऋषिकेश पांडेय ने बताया कि उनका अपने चाचा से ही 10 कट्ठा जमीन को लेकर तीन वर्षो से विवाद चला रहा है। वह लोग मुंबई रहते हैं। सोमवार की देर शाम उनके चाचा और चचेरे भाई उनके घर पर आ धमके और मारपीट करने लगे। उसी दौरान चचेरे भाई द्वारा उनकी मां आरती पांडेय को ताबड़तोड़ दो गोली मार दी गयी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। ऋषिकेश पांडेय द्वारा अपने चाचा के पुत्र मनोज पांडेय, मंटू पांडेय व पिंटू पांडेय सहित उनके परिवार के अन्य सदस्यों पर मारपीट करने और गोली मारने का आरोप लगाया है। कहा कि उन लोगों द्वारा दहशत पैदा करने के लिए तीन राउंड फायरिंग भी की गयी। बहरहाल पुलिस मामले की छानबीन और आरोपितों की धरपकड़ में जुट गयी है। उसे लेकर पुलिस द्वारा जख्मी महिला के परिजनों से घटना की जानकारी भी ली। इधर, सूचना मिलने पर लोजपा नेता राजेश्वर पासवान भी अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

### आठ दिन से लापता युवक का नहर में उतराता मिला शव, डूबने से मौत होने की आशंका

**आरा।** नगर थाना क्षेत्र के धरहरा रामबाग मोहल्ले से आठ दिन से लापता युवक की मौत हो गयी है। उसका शव सोमवार की सुबह बाइपास रोड स्थित तपेश्वर इंदु महिला कॉलेज के समीप नहर में तैरता मिला। मृत युवक मूल रूप से सहार थाना क्षेत्र के बड़की खडांव गांव निवासी रंजन कुमार का 24 वर्षीय पुत्र विंध्याचल था। वह करीब दस साल से अपने परिवार के साथ नगर थाना क्षेत्र के धरहरा स्थित रामबाग मोहल्ले में रहता था। इधर, नहर में शव मिलने से इलाके में अफरा-तफरी मची रही। सूचना मिलने पर सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र सत्यार्थी पुलिस बल के साथ पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उसकी नहर में डूबने से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। युवक की मां नीतू देवी ने बताया कि उनका पुत्र नशीला पदार्थ का सेवन करता था। उसे लेकर कई बार थाने में भी दिया था, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। एक बार दोस्तों के साथ नशा करने में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब उसके दोस्तों ने ही उसका बेल कराया था। सोमवार की दोपहर उसने अपने दादा का पैसा चुरा लिया था। तब उसके दादा द्वारा उसकी शिकायत उसके पिता से की थी। उस पर उन्होंने उसे डांट-फटकार लगाई, तो कहने लगा कि इस घर में नहीं रहेगा। उसके बाद वह सोमवार की दोपहर करीब दो बजे घर से निकल गया और वह घर वापस नहीं लौटा। रविवार की देर रात मोहल्ले के युवक ने कहा कि नहर में डूब गया है। सोमवार की सुबह परिजन बाइपास रोड स्थित तपेश्वर इंदु महिला कॉलेज के समीप नहर के पास पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि उसका शव नहर में पड़ा है। उसके बाद शव को नहर से निकाला गया और स्थानीय थाने को सूचना दी गयी।






महताब हत्याकांड: धोखे से बुलाकर जफ्फार व महताब पर किया गया था हमला

# रास्ते के तीन फीट जमीन के लिए 30 वर्षों से दोनों परिवारों में चल रही थी अदावत

**इनसाइड स्टोरी**

♦ तीन चार बार पंचायती होने के बाद भी नहीं निकला कोई हल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जमीन के चंद टुकड़ो के लिए आदमी कितना हैवान हो सकता है, यह शनिवार की शाम डुमरांव में हुए 19 वर्षीय महताब हत्याकांड में देखा जा सकता है। रास्ते की महज तीन फिट जमीन के लिए रिश्तों को दरकिनार कर उसके चचेरे चाचाओं ने मिलकर महताब की जहां हत्या कर दी वहीं उसके पिता मो गफ्फार भी इस हमले में जीवन और मौत से जूझ रहे हैं। फिलहाल उनका इलाज पटना के पीएमसीएच में चल रहा है। जबकि आंशिक रूप जख्मी गफ्फार की बहन लैला व भाई अफताब अपने परिवार को संभालने में लगे हैं। गफ्फार के वृद्ध पिता मो कासिम को घटना के बाद से मानो काठ मार गया है। पूछने पर किसी तरह अपने आंसुओं के सैलाब पर काबू पाते हुए घटना की जानकारी दी और बताया कि घटना के दिन सबकुछ अचानक हो गया।



जबकि उसके बाद से एक तरफ आरोपियों का परिवार फरार हो गया है तो दूसरी तरफ पीड़ित परिवार के समक्ष अपनों को खोने के गम के साथ ही दो वक्त की रोटी के लाले पड़ गए हैं। जानकारी के अनुसार गफ्फार ठेला चला जबकि महताब मजदूरी कर अपने परिवार की गाड़ी खींच रहे थे। अब इस परिवार में आमदनी का एकमात्र सहारा अफताब बचा है, जो भवन निर्माण में मजदूरी करता है।

**घटना की कहानी कासिम की जुबानी:** कासिम ने बताया कि उनके झोपड़ीनुमा घर से निकलने के लिए महज तीन फीट की गली है जो उनकी पैतृक जमीन है। इसी जमीन पर तीस वर्षों से विवाद चल रहा था। आरोपियो में कमालुद्दीन और इमामुद्दीन कासिम के चचेरे साले भी हैं। वे लोग दबंग तथा आर्थिक रूप से भी मजबूत हैं तथा उनके घर के निकास के लिए जो तीन फीट की गली है उस पर अपना दावा कर रहे थे। इसी बात को ले पिछले तीन दशक से दोनों परिवारों के रिश्ते में खटास आ गई थी। हालांकि किसी पक्ष ने पहले इसकी शिकायत पुलिस या जनता दरबार में नहीं की थी। लेकिन आस पास के प्रबुद्धजनों के माध्यम से पंचायती का प्रयास कराया गया था। कासिम ने बताया कि पंचायती में भी वे लोग जमीन के संबंध में किसी तरह का कागज प्रस्तुत नहीं किए थे और न ही दावा छोड़ रहे थे।

**अचानक घर से बुला कर दिया हमला:** कासिम ने बताया कि शनिवार की शाम 8.30 बजे उनका बेटा गफ्फार तथा वे खाना खाने जा रहे थे। घर में महताब व अफताब भी थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष के इमामुद्दीन ने हमलोगों को बुलाया। बुलाने पर बेटा और बड़ा पोता उनके दलान में गए। इसी दौरान सभी ने अचानक हमला कर दिया। इस दौरान इमामुद्दीन और कमालुद्दीन का बेटा जफर धारदार हथियार से पहले गफ्फार के बायें हाथ के नीचे तथा महताब के बायें कंधे के पास हमला किया। जिससे दोनों खून से लथपथ हो बेहोश हो गए। वहीं उन्हें बचाने गई बेटी लैला तथा अफताब पर भी हमला किया गया। लैला की मानें तो अन्य आरोपी इनलोगों को पकड़ लिए थे। जिस कारण चंगुल से छूट नहीं सके। शोरगुल सुन जब पड़ोसी दौड़े आए तो अन्य लोगों की जान बची। बता दें कि इस मामले में लैला के बयान पर ही एफआईआर दर्ज कराया गया है।

# निवर्तमान बीडीओ संतोष कुमार को दी गई विदाई नये बीडीओ संदीप पांडेय ने ग्रहण किया पदभार

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव से ट्रांसफर होने के बाद सोमवार को निवर्तमान बीडीओ संतोष कुमार को एक तरफ जहां समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई, वहीं नये बीडीओ संदीप कुमार पांडेय का स्वागत किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने निवर्तमान बीडीओ संतोष कुमार के कार्यकाल की प्रशंसा की। वक्ताओं ने उनके कुशल व्यवहार की तारीफ भी की। यह समारोह पंचायत प्रतिनिधियों व प्रखंड कर्मियों द्वारा किया गया था। मौके पर अनुमंडल लोक शिकायत पदाधिकारी धनंजय त्रिपाठी, सीओ रघुवीर प्रसाद, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा आर बी प्रसाद, बीपीआरओ रोहणी कुमारी, एलईओ विभा कुमारी मंच पर उपस्थित थी। सभी पदाधिकारी ने बारी-बारी से बीडीओ के कर्तव्यों एवं कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में किए कार्यो का बखान किया। इस दौरान मुंगाव मुखिया इंदल सिंह, मठिला मुखिया देवेंद्र सिंह, रमेश चौधरी, मुखलाल सिंह, राजू सिंह, विनय यादव, बच्चन यादव, धर्मेंद्र पांडेय, अगस्त उपाध्याय, भरत तिवारी, अप्पू उपाध्यय रामजी सिंह यादव, विनय यादव समेत कई अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।




# खिरौली गांव के मुख्य द्वार पर जमा है नाली का पानी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 17 स्थित खिरौली के मुख्य निकास द्वार के पास पिछले एक पखवाड़े से जलजमाव हो गया है। नालियों तथा बरसात का पानी ओवर फ्लो कर मुख्य सड़क पर जमा हो गया है। जिस कारण ग्रामीणों को आवागमन की समस्या गंभीर हो गई है। वही इस समस्या के प्रति नगर परिषद प्रशासन बेखबर है। जिस कारण लोगों का आक्रोश बढ़ते ही जा रहा है।

गांव के रिंकू चौबे, अमर चौबे, राबिन चौबे, मोहन चौबे आदि ने बताया कि नाली का गंदा पानी मुख्य सड़क पर जमा होने से महिलाओं, बच्चों तथा बुजुर्गों के साथ ही पूजा



करने आने जाने वाले श्रद्धालुओं की परेशानी बढ़ गयी है। सबसे अधिक परेशानी महिला व बुजुर्ग भक्तों को होती है। अब शिवभक्त विवश होकर दूसरे रास्ते के सहारे शिवालय पहुंच रहे है। इस सड़क की दुर्दशा देख श्रद्धालुओं में मायूसी है।

लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया लेकिन समस्या जस की तस बनी है। पानी की निकास नहीं होने से लोगों को मुश्किलें उठानी पड़ती है। लोगों का कहना है कि नप प्रशासन इस समस्या से निजात दिलाने के लिए हर बार अस्थायी कार्य कराता है। तत्काल जलजमाव से मोहल्लेवासी राहत तो पाते है लेकिन दोबारा बारिश होने के बाद समस्या ज्यों की त्यों बनी रहती है। ऐसी स्थिति में नप प्रशासन को ड्रेनेज सिस्टम लागू कर इस समस्या से स्थायी निदान दिलाने की पहल करें तो कॉलोनी के लोगों को राहत मिल सकती है। हालांकि शहर की नयी सरकार बनने के बाद मोहल्लेवासियों को उम्मीद जगी थी कि जलजमाव जैसे अहम समस्या का निदान जल्द निकाला जायेगा लेकिन इस मामले में नगर परिषद प्रशासन ने चुप्पी साधी हुई है।

## 5वें दिन भी जारी रहा आशाकर्मियों का धरना

**नावानगर।** आशा एवं आशा फेसिलेटर मंच के आह्वान पर आशाकर्मियों द्वारा शुरू की गई हड़ताल पांचवें दिन भी जारी रहा। सोमवार को आशा कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। कहा, 16 माह पूर्व प्रदर्शन के बाद हड़ताल से वापस होने के बावजूद सरकार एवं विभाग की ओर से सुधि नहीं लिए जाने पर इस बार आर पार की लड़ाई लड़ने की बात कही। प्रदर्शन कर रही प्रखंड स्तरीय आशा संघ की अध्यक्ष विमला देवी, प्रमिला कुमारी, अनीता कुमारी, संगीता कुमारी व कंचन कुमारी ने कहा कि हम लोगों का मासिक मानदेय 10 हजार प्रतिमाह करते हुए पूर्व के बकाये राशि का भुगतान अविलंब किया जाए।

## एक घर से 40 लीटर महुआ शराब बरामद कारोबारी फरार

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी पुलिस ने स्थानीय गांव के एक घर से सोमवार को 40 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। हालांकि पुलिस देख कारोबारी फरार हो गया। पुलिस ने शराब कारोबारी की पहचान कर लिया है। सोनवर्षा ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि फरार कारोबारी गांव के नीरज राम हैं। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी, कि नीरज राम अपने घर में शराब बेच रहा है। सूचना पर तत्काल छापेमारी किया गया। छापेमारी में उसके घर से 40 लीटर महुआ शराब बरामद हुआ। इधर कारोबारी पुलिस को देख कर फरार हो गया। ओपीध्यक्ष ने आगे बताया कि इस संबंध में नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। कारोबारी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बहुत जल्द फरार कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# एसडीपीओ ने होटल संचालकों के साथ की बैठक बोले-थाने को देनी होगी ठहरने वालों की जानकारी

♦ चेतावनी... देह व्यापार कराने वाले होटलों को सील किया जाएगा, हर्ष फायरिंग पर मैरेज हॉल संचालकों पर होगी कार्रवाई

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के होटल संचालकों को अपने यहां ठहरने वाले लोगों की जानकारी व उनका पहचान हर दिन स्थानीय थाने को देना होगा। वही रेस्टोरेंट संचालकों को भी होटल संचालकों के साथ संदिग्ध लोगों को देखने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने तथा अपने होटल या रेस्टोरेंट में शराब नहीं पीने देने सहित कई अन्य निर्देश मिले। यह निर्देश डुमरांव एसडीपीओ अफाख अख्तर अंसारी ने सोमावार को डुमरांव थाने में आयोजित होटल व रेस्टोरेंट संचालकों की बैठक के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि शहर की सुरक्षा



व्यवस्था के लिए यह लाजिमी है कि होटल व रेस्टोरेंट संचालक पुलिस को अपने यहां आने वालों की सूची दे तथा उनकी गतिविधियों पर नजर रखें। एसडीपीओ ने होटल व रेस्टोरेंट संचालकों को किसी भी तरह के अवैध व्यापार या देह व्यापार नहीं करने देने तथा सुरक्षा के लिहाज से हर जरूरी कदम उठाने को कहा। वहीं होटल व रेस्टोरेंटो के अलावे मैरेज हाल वालों को शादी विवाह के दौरान हर्ष फायरिंग करने वालों की जानकारी पुलिस को देने को कहा।

एसडीपीओ ने कहा देह व्यापार कराने वाले होटलों को सील किया जाएगा। जबकि हर्ष फायरिंग पर भी मैरेज हॉल संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में आनंद विहार होटल के संचालक विनोद राय, डुमरांव थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राय समेत कई अन्य होटल, रेस्टोरेंट व मैरेज हॉल संचालक मौजूद थे।




नया भोजपुर के दुधनाथ महादेव मंदिर परिसर में आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रेम यज्ञ शुरू

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर के दुधनाथ महादेव मंदिर परिसर में आयोजित हो रहे श्रीमद् भागवत कथा प्रेम यज्ञ सोमवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। यज्ञाचार्य चित्रकुट धाम से पधारे अवनीश तिवारी जी महाराज के नेतृत्व में यज्ञ स्थल दुधनाथ शिव मंदिर प्रांगण में मंडप व मुख्य कलश की वैदिक विधान से पूजा अर्चना कर कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु नर नारी शामिल हुए। पवित्र गंगाजल लेकर कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे। मंगलवार को पंचांग पूजन व अरणी मंथन के साथ इस यज्ञ की विधिवत शुरूआत होगी।

यज्ञ आयोजन समिति के अग्रणी तथा डुमरांव नगर परिषद के वार्ड



सात के पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि यह यज्ञ 23 जुलाई को पूणार्हूति के साथ संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि इस यज्ञ के आयोजन से गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ है तथा ग्रामीण स्वतः स्फूर्त हो आयोजन को सफल बनाने के लिए जी जान से लगे है। वही जय प्रकाश जायसवाल व भगवान दास गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक दिन संध्या 3.30 से 7.30 बजे तक काशी धाम से पधारे चर्चित कथा वाचक संजय प्रभुदास जी के मुखारबिंदु से भागवत कथामृत का पान श्रद्धालुओं को कराया जाएगा। सोमवार को कलश यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालु महिला आकर्षक का केन्द्र रही। इस यज्ञ के आयोजन से नया भोजपुर में भक्तिरस की अविरल धारा बह रही है।

## अमावस्या पर पीपल की श्रद्धालुओं ने की पूजा

**केसठ।** श्रावण मास की दूसरी सोमवारी व अमावस्या तिथि पर पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक करने के लिए शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। पूजा के प्रति महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। भक्तों ने विभिन्न पदार्थों से भगवान शिव की पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। तत्पश्चात महिलाओं द्वारा सोमवती अमावस्या व हरियाली अमावस्या के अवसर पर पीपल वृक्ष का भी पूजन किया गया। महिलाओं ने पीपल वृक्ष की विधिवत पूजा की। साथ हि वृक्ष में यथाशक्ति 51 या 121 बार कच्चा धागा लपेटते हुए परिक्रमा कर परिवार की मंगल कामना की।



### आईजी ने चेताया अराजकता पर होगी निष्पक्ष रूप से कठोर कार्रवाई

# बलिया जिले में गंगा-जमुनी तहजीब कायम रखना सबकी जिम्मेदारी, लें संकल्प: आईजी

**केटी न्यूज/ बलिया**

सिकंदरपुर कस्बे में हर वर्ष की भांति निकलने वाले मातमी पर्व मोहर्रम जुलूस को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आईजी अखिलेश कुमार व पुलिस अधीक्षक एस आनन्द ने सोमवार को सिकंदरपुर कस्बे के पुलिस चौकी में शांति समिति के सदस्यों अखाड़ेदारो व कस्बे के वरिष्ठ नागरिकों के साथ बैठक की। आईजी ने सभी से शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस को सम्पन्न कराने का आह्वान किया। वहीं अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि अगर किसी ने शांति व्यवस्था में तनिक भी बाधा डालने की कोशिश की तो हर स्तर की कार्रवाई पुलिस प्रशासन करने को तैयार है।

उन्होंने कहा कि गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। कहा कि किसी के द्वारा छोटी सी भी गड़बड़ी करने की कोशिश की गयी तो बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के दोषी के ऊपर कठोर कार्रवाई होगी। लेकिन ऐसा प्रयास हो कि इसकी जरूरत ही नहीं आए। आह्वान किया कि सभी आपसी प्रेम की भावना से त्योहार सम्पन्न कराएं। यह भी



- सिकंदरपुर पुलिस चौकी में पीस कमेटी की बैठक आयोजित
- आईजी अखिलेश कुमार ने मोहर्रम जुलूस के निकलने वाले मार्गों का पैदल ही लिया जायजा, ड्रोन से भी रखी जाएगी नजर

कहा कि युवाओं पर विशेष ध्यान दें, उन्हें सही मार्गदर्शन देंगे तो निश्चित ही सब कुछ शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होगा। पुलिस अधीक्षक एस आनन्द ने कहा कि सौहार्द कायम रखना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। सबको आश्वस्त किया कि सबके सहयोग व पुलिस बल की चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था के बीच मोहर्रम का त्यौहार सकुशल सम्पन्न होगा। बताया कि अति संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन से नजर रखी जाएगी। सख्त लहजे में कहा कि किसी ने गंगा-जमुनी तहजीब के साथ खिलवाड़ किया तो पुलिस सख्ती से निपटेगी। कहा कि आप लोग सम्मान के साथ त्योहार मनाएं। कमेटी के लोग पुरी जिम्मेदारी से त्योहार को सम्पन्न कराएं। इंटेलिजेंस व एलआईयू की टीमें पूरे कस्बे में पैनी नजर रखी हुई है। इससे पहले बैठक में पीस कमेटी के सदस्यों ने बारी-बारी से अपने सुझाव दिए। कहीं अराजकता की स्थिति नहीं आएगी। सिकंदरपुर कस्बे वासियों को संबोधित करते एडिशनल एसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी ने कहा कि सभी लोग शांति कायम रखते हुए आपसी प्रेम व भाईचारे की भावना के साथ जीवन जिएं। एक बार फिर दोहराया कि विशेष रूप से अपने अखाडे के युवाओं पर ध्यान देते हुए जुलूस को सकुशल सम्पन्न कराएं। सबका सहयोग रहा तो सब कुछ शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होगा। इस मौके पर सीओ भूषण वर्मा,थानाध्यक्ष दिनेश पाठक,चौकी प्रभारी रविंद्र पटेल, चेयरमैन प्रतिनिधि संजय जायसवाल, बबलू मास्टर, लालबचन प्रजापति, रिजवी अंसारी, फैजी अंसारी, जमील अहमद, रइस अहमद, मोजम्मिल भाई, डॉ. आशुतोष गुप्ता, मुन्ना हाशमी, आकाश तिवारी, गुड्डू भाई सहित नगर के सभी संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

# जनपद में राशन वितरण में रोस्टर का हो शत प्रतिशत अनुपालन: जिलाधिकारी

- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत जिला स्तरीय सतर्कता समिति की हुई बैठक
- कहा, हर स्टेज पर रखें सतत निगरानी, कड़ाई से कराएं सत्यापन



**केटी न्यूज/बलिया**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने राशन वितरण की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली और जरूरी दिशा निर्देश दिये। कहा कि राशन वितरण के सम्बन्ध में जारी रोस्टर का पूरी तरह अनुपालन हो। दुकान तक राशन पहुंचाने की प्रक्रिया की कड़ी निगरानी हो। दुकानों पर सत्यापन की कार्यवाही भी हो।

डीएसओ रामजतन यादव ने बताया कि हर माह की 11 तारीख से वितरण शुरू होकर 20 तक वितरण कर लिया जाता है। एप्लीकेशन के जरिए उठान व दुकानों पर प्राप्ति पर ऑनलाईन निगरानी रखी जाती है। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम व ब्लॉक स्तर पर भी गठित सतर्कता समिति की बैठक समय-समय पर कराई जाती रहे। एफसीआई गोदाम से फोटीर्फाइड चावल ही आए, यह सुनिश्चित किया जाए। एमडीएम खाद्यान्न में बच्चों को दिये जाने वाले खाद्यान्न मानक की जानकारी ली। कहा कि हर तीन माह पर बिल प्रस्तुत किया जाए। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केंद्र के जरिए वितरण होने वाले पोषाहार पर भी लगातार निगरानी रखें। सीडीओ को निर्देश दिया कि सीडीपीओ के अलावा खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से भी आंगनबाड़ी केंद्रों पर औचक निरीक्षण कर इसका सत्यापन कराएं। एमडीएम खाद्यान्न सम्बन्धी बजट आने के बाद एक महीने बाद भी भुगतान नहीं होने पर बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी को फटकार लगाई। कहा कि बजट का सदुपयोग समय से करें। अब पत्रावली चलाने में या अनावश्यक किसी विलम्ब पर जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि उचित दर की निलम्बित दुकानों के सम्बन्ध में जो भी कार्यवाही करनी है, हप्ते दिन में कर लिया जाए। रिक्त दुकानों के आवंटन के लिए भी प्रक्रिया तेजी से की जाए। उन्होंने फिर दोहराया कि राशन वितरण पारदर्शी तरीके से हो। इसमें किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। बैठक में सीडीओ प्रवीण वर्मा, एडीएम डीपी सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद थे।


# श्रमिकों के लिए संचालित योजना का हो व्यापक प्रचार-प्रसार

**बलिया।** जिला श्रम बन्धु की बैठक जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में श्रम विभाग की योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रमिको के कल्याण के लिए सरकार की तमाम लाभकारी योजनाएं संचालित हैं। इन योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार हो, ताकि अधिक से अधिक श्रमिक इसका लाभ ले सकें। इसमें रुचि नहीं लेने पर श्रम अधिकारी को कड़ी फटकार भी लगाई। आगे से अपेक्षित सुधार नहीं मिलने पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी।

जिलाधिकारी ने उप्र भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत संचालित योजनाएं जैसे मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना, गंभीर बीमारी सहायता योजना, कौशल विकास तकनीकी उन्नयन एवं प्रमाणन योजना, महात्मा गांधी पेंशन योजना व पं दीनदयाल उपाध्याय योजना के बारे में पूछताछ की। श्रम अधिकारी ने बताया कि इन योजनाओं में इस वित्तीय वर्ष में 1330 आवेदन आए हैं, जिनमें 315 आवेदनों पर संस्तुति की गयी है। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में जिले को 500 का लक्ष्य प्राप्त है, जिसके मुकाबले 111 श्रमिकों के ही पंजीयन पर जिलाधिकारी ने सवाल किया। कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष पंजीयन की स्थिति में सुधार लाई जाए। बैठक में सीडीओ प्रवीण वर्मा, एडीएम डीपी सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# सूदखोरों के आतंक से पीड़ित युवक ने खाया जहर, मौत

**केटी न्यूज/बलिया**



जनपद में सूदखोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसा ही मामला एक बार फिर रविवार की शाम शहर कोतवाली क्षेत्र के विजयीपुर मोहल्ले में देखने को मिला, जहां शैविंद्र कुमार सिंह उर्फ डींकू 36 पुत्र सुशील कुमार सिंह ने जहर खाकर अपनी ईहलीला समाप्त कर लिया। सुसाइड करने से पहले युवक ने मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के विजयीपुर निवासी शैविन्द्र कुमार सिंह डींकू 36 पुत्र सुशील कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मरने से पहले सुसाइड नोट लिखा है। जिसमें उल्लेख किया है कि कुछ साल पहले दो लड़कों से मुलाकात हुई थी। जिसमें से एक लड़के का नाम संदीप कुमार निवासी मोरिया, तहसील मेहनगर, जिला आजमगढ़ तथा दूसरा वरुण चतुवेर्दी पुत्र विनोद चतुवेर्दी निवासी जवही दियर, बलिया से हुई थी। जिन्होंने नौकरी दिलाने के नाम पर आठ लाख रुपए मांगे थे। जिनको हमने दे दिया था। इसके बाद इन लोगों ने फर्जी लेटर एवं आई कार्ड हमें दे दिया। मैं समझा मेरी नौकरी लग गई है। फिर उन्होंने बताया कि अभी पाँच सीट खाली है। तुम और लड़के बताओ, तुम्हें प्रति लड़का एक लाख रुपए रुपए देंगे। इसके बाद मैंने अपने दोस्तों से नौकरी के बारे में बात कहीं। जिसमें से एक दोस्त शहर कोतवाली के बनकटा निवासी अर्पित सिंह पुत्र रविंदर सिंह ने मुझे दो लाख रुपए नौकरी के नाम पर दिए। चुकी मैं मध्यस्थ था। मैंने उस पैसे को जवही दीयर निवासी वरुण चतुवेर्दी को दे दिया था, लेकिन कई साल बीत गए नौकरी नहीं मिली। जिसके बाद अर्पित सिंह ब्याज सहित पैसे की मांग करने लगा। इसके बाद मैंने पांच प्रतिशत ब्याज के साथ पैसे लौटा दिया, लेकिन वे 10 प्रतिशत ब्याज के साथ पैसे की मांग कर रहे हैं। उनके द्वारा कहा गया कि अगर 10 प्रतिशत ब्याज के साथ पैसे नहीं दोगे तो तुम्हारे लड़के को जान से मार देंगे और तरह-तरह से उनके परिवार के लोग घर पर आकर मुझे और मेरे परिवार को प्रताड़ित करने लगे। जिससे तंग आकर मैं आत्महत्या कर रहा हूं। इस मामले में आजमगढ़ निवासी संदीप कुमार, जवही दीयर निवासी वरुण कुमार चतुवेर्दी एवं शहर कोतवाली के बनकटा निवासी अर्पित सिंह मुख्य आरोपी है। जिनसे पैसा वसूली कर मेरी पत्नी पूजा सिंह को देने की कृपा की जाए, क्योंकि मेरी पत्नी के सभी गहने गिरवी रखे गए हैं। मुझे विश्वास है कि मुख्यमंत्री जी आप मेरे साथ न्याय करेंगे।

इन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज : शहर कोतवाल राजीव सिंह के अनुसार आजमगढ़ निवासी संदीप कुमार, जवही दीयर निवासी वरुण कुमार चतुवेर्दी एवं शहर कोतवाली के बनकटा निवासी अर्पित सिंह के साथ तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही सभी आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

# नपं मनियर के नवनियुक्त चेयरमैन रितु देवी की अग्रिम जमानत हुई खारिज

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के मनियर नगर पंचायत के नवनियुक्त चेयरमैन रितु देवी को अंकपत्र में हेरा फेरी करने के मामले में सुनवाई करते हुए बलिया कोर्ट ने अग्रिम जमानत खारिज कर दिया है। जबकि इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करने के दैरान गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए 15 दिनों के अंदर निचली अदालत में आत्मसमर्पण कर जमानत के लिए अर्जी देने का निर्देश दिया था और अपना साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा था।




बता दें कि मनियर नगर पंचायत के नवनियुक्त चेयरमैन रितु देवी पर अपने अंकपत्र में जन्मतिथि में कूट रचित कर हेराफेरी करने का आरोप है। विपक्षी प्रत्याशी की शिकायत पर तत्कालीन बीएसए बलिया ने जांच कर उनके खिलाफ कोतवाली में धोखाधड़ी, कागजों में हेरा फेरी करने सहित आईपीसी की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसके विरुद्ध नवनियुक्त चेयरमैन रितु देवी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दिया था, जहां सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने नवनियुक्त रितु देवी की याचिका को निस्तारित करते हुए निचली अदालत में आत्मसमर्पण कर अपनी जमानत की अर्जी दाखिल करने का निर्देश जारी किया था। इसके साथ ही 15 दिन के अंदर अपना साक्ष्य प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया था।

# एक समान, मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा लागू कर दी जाए: ओमप्रकाश राजभर

**केटी न्यूज/बलिया**

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी गोंड़ अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ की गोष्ठी मालीपुर स्थित अतिथि गृह में सोमवार को सम्पन्न हुई। गोष्ठी के मुख्य अतिथि सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज देश में एक समान शिक्षा, मुफ्त शिक्षा व अनिवार्य शिक्षा की जरूरत है। यदि पूरे देश में शिक्षा की यह व्यवस्था लागू कर दी जाए तो किसी को भी जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

पूर्व मंत्री ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता शिक्षा व नौकरी के लिए है। उन्होंने उपस्थित लोगों से पूछा कि बताओ एक समान शिक्षा लागू कर दिया जाए तो क्या नुकशान है। यदि यह लागू हो जाएगा तो न तो जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी और न ही इसके लिए धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा।सुभासपा अध्यक्ष ने कहा कि देश में एक समान व अनिवार्य शिक्षा के लिए 2024 में भी केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनाना जरूरी है क्योंकि यह कार्य मोदी सरकार ही कर सकती हैं।जब देश में सभी के लिए एक समान शिक्षा व्यवस्था लागू हो जाएगी तो गरीब, मजलूम व छोटी जातियो को महंगी शिक्षा से निजात मिल जाएगा और जब हमारे बच्चे शिक्षित होंगे तो उन्हें नौकरी भी मिलेगी।पूर्व मंत्री ने गोष्ठी में पूर्व की सपा सरकार को भी आड़े हाथो लिया।प्रदेश अध्यक्ष राकेश गोंड़, लल्लन प्रसाद, प्रेम शंकर, अमरनाथ, रमेश, राम सरीख गोंड़ ने भी गोष्ठी में अपने विचार रखे।अध्यक्षता गुलाब गोड़ व संचालन रजनीश ने किया।




### सावन के महिने में समय के साथ आया बदलाव, आधुनिकता के बीच गुम हो रही परंपरा

# अब कहां सुनने को मिलती है कजरी की धुन

**तिलक कुमार/बलिया**

कहते है समय बदलते देर नहीं लगता। गांवों में पवन के झोंको के बीच सावन की फुहारो के साथ खेतो में धान की रोपाई करती महिलाएं व युवतियों के मधुर कंठ से निकलने वाली कजरी के गीतों की धुन अब सुनाई नहीं देती। पहले के जमाने में सावन के झूले का बड़ा महत्व था। सावन आने से पहले ही झूले की तैयारियां शुरू हो जाती थीं लेकिन आज बगीचों का अस्तित्व समाप्त होने लगा है। वृक्षों के अभाव में बगीचे वीरान से लगने लगे है। अब न तो कोई झूला झूलने की बात और न तो इन पेड़ों पर बैठने वाले मोर, पपीहे या कोयल की मन को झकझोर देने वाली मधुर आवाज सुनने को मिलती है।



"सावन का महीना पवन चले जोर, जियरा रे झूमे ऐसे जैसे वन में नाचे मोर" व "कइसे खेले जईबू सावन के कजरिया, बदरिया घेरी आइल ननदी" जैसे लोकप्रिय कजरी के गीत किसी गीतकार ने सावन महीने से प्रेरित होकर ही अपनी लेखनी के धुन में पिरोया था, मगर आज समय के साथ सब कुछ बदल गया है। समय बदलने के साथ लोगो की व्यस्तता बढ़ने लगी है। आज का इंसान अपने कामों में इस कदर व्यस्त हो गया है कि पर्व, त्योहारों की कद्र देखने को नहीं मिलती। एक समय था जब सावन माह आरंभ होते ही घर के आंगन व द्वार पर लगे पेड़ पर झूले पड़ जाते थे और महिलाएं कजरी गीतों के साथ झूला झूलती और सावनी फुहारों का आनंद उठाती थीं।

**इतिहास बन रहे सावन के झूल :** मौजूदा समय मे अब सावन माह में झूले कही कही दिखाई देते हैं। शुक्र है कि मंदिरों में सावन की एकादशी के दिन भगवान को झूला झुलाने की परंपरा अभी निभाई जा रही है।चारो तरफ कजरी गीत ही सुनाई पड़ते थे लेकिन समय बदलने के साथ साथ झूला, कजरी सब बीते दिनों के बात हो गए। कजरी पूर्वी उत्तर प्रदेश की प्रमुख गीतों में सुमार है। दो दशक पहले जहाँ नव विवाहित युवतियों को शादी के बाद सावन मास का इन्तजार रहता था, वहीं तीज त्योहारों के आगमन से नई नवेली दुल्हन स्वयं को यौवन की पूर्णता एवं अपने सखियों संग मिल बैठ अपने बीते पलों से रुबरु होती थी।

**सावन और कजरी का बड़ा महत्व :** सावन के महीने में भगवान शिव के पूजन अर्चन के साथ कजरी का भी बड़ा महत्व है। हिंदी और भोजपुरी फिल्मों में भी कजरी को प्रमुखता से स्थान मिला है। दशकों पहले खेतो में धान की रोपाई करती महिलाएं व युवतियां जब अरे रामा बरसे पनिया, भिजे हमार सारी ए हरी...., पिया मेहदी ले आई द मोतीझील से, जाके सायकिल से ना...., अरे रामा बरसे पनिया, भीजे राधा रनिया ए हरी...., मोहे सावन में झूलनी गढ़ाय द पिया, मेहदी रचाय द पिया ना.....सरीखे कजरी गीतों को गुनगुनाती थी तो बरबस ही मन आनंदित होकर नृत्य करने लगता था।

# बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ धाम में उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब



**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

पवित्र सावन मास की दूसरी सोमवारी पर जिले भर के शिवालयों में शिवभक्तों का सैलाब उमड़े रहा। आकर्षण का केन्द्र ब्रह्मपुर स्थित बाबा ब्रह्महेश्वर नाथ शिव मंदिर था। जहां अल सुबह से ही जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लग गया था। बक्सर के रामरेखा घाट से जल लेकर बाबा को जलाभिषेक करने वाले कांवरियों के अलावे बड़ी संख्या में जिले तथा पड़ोसी जिले भोजपुर के 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दूसरी सोमवारी पर ब्रह्मेश्वरनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर तथा ब्रह्मपुर चौरास्ता के आस पास प्रशासनिक व्यवस्था भी काबिले तारीफ थी। कई जगहों पर ड्राप गेट व वाहन पार्किंग जोन बना भीड़ नियंत्रित करने का प्रयास किया गया था। वही चार जगहों पर बनाए गए नियंत्रण कक्ष से वरीय अधिकारी पल पल की स्थिति का निगाहबानी करते दिखे। इसके अलावे बक्सर के गौरीशंकर मंदिर, नाथ मंदिर, डुमरांव के जंगलीनाथ शिव मंदिर, महरौरा शिव मंदिर, लंगटू महादेव शिव मंदिर, कचईनियां के कंचनेश्वर शिव मंदिर तथा मुंगाव का मुंगेश्वरनाथ शिव मंदिर भी शिवभक्तों के आकर्षण का केन्द्र बना रहा।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक में सात करोड़ से अधिक विकास के प्रस्ताव पास

# दोनों सरकार विभिन्न योजनाओं के साथ समन्वय से कार्य कर रहीं: चंद्रभूषण सिंह

**केटी न्यूज/बलिया**

बेरुआरबारी क्षेत्र पंचायत के डवाकरा हाल में ब्लाक प्रमुख चंद्रभूषण सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक हुई। इसमें विकास के चार दर्जन से अधिक सात करोड़ अठारह लाख के कार्य योजना को मंजूरी दी गयी। बैठक में नयी योजनाओं पर विचार किया गया। राज्य वित, पंचम वित, पद्रंहवा वित व मनरेगा कार्यो के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि गांवो के विकास के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाओं के साथ समन्वय से कार्य कर रहीं हैं। बेरुआरबारी ब्लाक के विकास के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है धन मिलते ही सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जायेगा। श्री सिंह ने कहा कि गांवों में पंचायत प्रतिनिधि आमलोगों के साथ आपसी सहमति बनाकर जल निकासी, जल संचयन,स्वच्छता, गलियों व सड़को का निर्माण कराये जिससे आम लोगों को सुविधा मिल सकें।



■ सौर्य उर्जा, उज्जवला योजना, पोषण, इण्डिया मार्का हैंडपंप पर हुई चर्चा

उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया की वह हमेशा विकास कार्यो में मदद को तैयार रहेंगे। ब्लाक प्रमुख श्री सिंह ने कहा कि गांवो में विकास के कार्यो में सरकार की योजना के अनुसार कार्य करना है। मनरेगा के तहत गांवो में दो पुरवे व गांवो के नाली व सड़को को आपस में जोड़ने, वृक्षारोपण, तालाब, मिटटी कार्य व अन्य विकास कार्यो के लिए गांवो का चयन आपसी सहमति से किया जायेगा। ब्लाक प्रमुख ने ब्लाक के कर्मचारियो को निर्देशित किया कि वे बीडीसी व ग्राम प्रधान तथा आमलोगों से तालमेल बनाकर अपने कर्तब्यो व जिम्मेदारियो का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करे। खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार ने कहा की प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना व स्वच्छता मिशन में शौचालय के चयनित लाभार्थियो का निर्माण कार्य तत्काल पूरा करायें। उन्होने आवास के साथ ही शौचालय, मनरेगा, समूह संगठन, निशुल्क बोरिग, पशु जीवन बीमा आदि योजनाओ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ने बताया की महिला जाब कार्डधारक का समूह बनाकर उसे ग्रामीण राष्ट्रीय आजीविका मिशन योजना के तहत अनुदान दिया जा सकता है। सदस्यों से प्रस्ताव बनाकर देने को कहा। बैठक में फ्री बोरिग, विधवा, बृद्वा, विकंलाग, पेंशन, सौर उर्जा, उज्जवला योजना, कुपोषण, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प आदि योजना के बारे में विचार व चर्चा किया गया। बैठक में विजयन्त सिंह, राकेश वर्मा, सौरभ रंजन सिंह, अधिवक्ता पप्पू, रांधा सिंह, धनंजय पाण्डेय, राणाकुणाल सिंह, रणजीत सिंह, प्रधान विजय शर्मा, बबुआ जी, चंद्रशेखर चौहान, राजकुमार यादव, आत्मा यादव आदि थे।

## चोचकपुर मार्ग खराब होने से कांवरियों को परेशानी

**गाजीपुर।** नंदगंज से चोचकपुर जाने वाले मार्ग पर अनेकों बड़े- बड़े गड्ढे हैं। जिसमें जलभराव होने से गंदे पानी से होकर कांवरियों को गुजरना पड़ता है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि सड़क पर जलभराव और गंदगी से पैदल चलना दुश्वार है। इसी गड्ढायुक्त मार्ग से कांवरियों को गंगाजल लेने के लिए मौनी बाबा धाम चोचकपुर आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांवरिए कीचड़ में गिरकर चोटिल भी हो रहे हैं। कांवड़ यात्रा की शुरूआत के दौरान डीएम ने अधिकारियों को मार्ग दुरुस्त कराने के निर्देश दिए थे। लेकिन सड़क पर गड्ढे को भरने का कोई कार्य नहीं किया गया। नंदगंज से 400 मीटर तक तो सड़क बहुत ही खराब हो गई है। इस संबंध में डीएम का आदेश हवा हवाई साबित हो रहा है। वैसे नंदगंज बाजार के चोचकपुर मोड़ से बेलासी मोड़ तक जगह- जगह बने गड्ढों को पुश्तायुक्त कराने की लगातार मांग उठाई जाती रही है। जनप्रतिनिधियों से इस संबंध में कई बार कहा जा चुका है। इसके बावजूद अभी तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। कांवड़ मार्ग की दुर्दशा के कारण मौनी बाबा धाम चोचकपुर से पवित्र गंगाजल भरकर लाने वाले शिवभक्त कांवड़ियों को कीचड़ भरी सड़क से गुजरना पड़ रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने डीएम साहिबा का ध्यान इस तरफ आकृष्ट कराया है।

# सदर अस्पताल में खुला ब्लड बैंक, डीएम ने किया उद्घाटन



**केटी न्यूज/बक्सर**

सोमवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने सदर अस्पताल बक्सर में ब्लड बैंक का उदघाटन किया। इसके पहले यह ब्लड बैंक पुराने सदर अस्पताल में संचालित हो रहा था। नये अस्पताल से पुराने अस्पताल की दूरी चार किलोमीटर थी। जिस कारण मरीजों तथा उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब उस समस्या से सबको राहत मिलेगी। उद्घाटन के मौके पर सिविल सर्जन, रेडक्रास के सचिव श्रवण तिवारी व अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित रहे। बता दें कि लंबे समय से इसकी मांग मरीज व उनकी देखरेख करने वाले लोग कर रहे थे। डीएम ने इस मौके पर सामाजिक संगठनों और युवाओं से अपिल करते हुए कहा कि आप लोग समय-समय पर रक्तदान करें।

# मोटर वाहन दुर्घटना संशोधन अधिनियम की दी गई जानकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर व्यवहार न्यायालय, बक्सर परिसर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार परिसर में सोमवार को संवेदीकरण सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मोटर वाहन दुर्घटना संशोधन अधिनियम 2022 तथा मोटर वाहन दुर्घटना के अन्य संशोधन अधिनियमों के बारे में जागरूकता लाने के लिए सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों साथ ही उनके कर्मचारियों के साथ कार्यक्रम किया गया। मौके पर उपस्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम संदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में अन्य न्यायाधीशों ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया ।



मंच संचालन करते हुए वरिष्ठ पैनल अधिवक्ता विष्णु दत्त द्विवेदी ने कहा कि मोटर वाहन दुर्घटना के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानने के लिए आज हम सभी यहां एकत्रित हुए हैं। कार्यक्रम में उपस्थित बक्सर जिले के सभी थाना प्रभारियों द्वारा इस अवसर पर कानून की विभिन्न धाराओं, उनके कानूनी बातें साथ मोटर वाहन दुर्घटना होने पर उन्हें तत्काल क्या कार्यवाही करना है। दुर्घटना जिसके साथ घटित हुई है, उसके साथ क्या व्यवहार करना है। उसे किस प्रकार मुआवजा मिलेगा आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर विवेक राय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि आज सड़क दुर्घटना में पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा मौतें भारत में ही होती हैं। हर साल 1 लाख 20 हजार लोग इसमें मारे जाते हैं। विकसित देशों के मुकाबले यह तीन गुना ज्यादा है। दुर्घटना की स्थिति में बीमा सुरक्षा, प्रतिकर और क्षतिपूर्ति आदि की कानूनी व्यवस्था का अपना अलग ही एक महत्व है। सबसे पहले सड़क दुर्घटना से संबंधित लोगों व दुर्घटना में मृतकों के आश्रितों द्वारा चालक, वाहन मालिक तथा बीमा कंपनी संबंधी अधिकारों को समझना जरूरी है। मौके पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक भटनागर, मनोज कुमार द्वितीय, विजेंद्र कुमार, प्रभाकर दत्त मिश्रा, मनकामेश्वर प्रसाद चौबे, प्रेम चंद्र वर्मा अवर न्यायाधीश संतोष कुमार प्रथम कार्यालय कर्मी संजीव कुमार, सुधीर कुमार, सुनील कुमार, सुमित कुमार, मनोज कुमार रवानी, आदि मौजूद रहे।

